प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 28.10.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के कार्यक्षेत्र को दी मंजूरी, सरकार को 18 महीनें के भीतर अपनी सिफारिशें देगा आयोग, रबी सीजन के लिए उर्वरकों पर सब्सिडी दरें भी तय।
- स्वास्थ्य विभाग की टीम ने चाईबासा सदर अस्पताल में थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों को संक्रमित रक्त चढ़ाये जाने के मामले की जांच की, अब सभी ब्लड बैंकों में एलाइजा और नेट–पीसीआर मशीन से होगी रक्त जांच।
- प्रदेश भाजपा ने चाईबासा के तांबो चौक में नो एंट्री की मांग को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे ग्रामीणों पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में कल संपूर्ण कोल्हान बंद का किया ऐलान।
- झारखंड में चक्रवातीय तूफान मोन्था का असर दिखना शुरू, कोल्हान और पलामू समेत राज्य के कई हिस्सों में अगले तीन दिनों तक भारी बारिश का मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट।
- 30 अक्टूबर से शुरू होने वाले तृतीय जूनियर और सब जूनियर सुपर स्पीड खो–खो प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड बालक और बालिका टीम आज जयपुर रवाना।

****************

केंद्र सरकार ने 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के कार्यक्षेत्र को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आयोग की शर्तें विभिन्न मंत्रालयों, राज्य सरकारों और कर्मचारियों के संगठनों से सलाह के बाद तय की गई हैं। उन्होंने बताया कि न्यायाधीश रंजना प्रकाश **8वें वेतन आयोग** के अध्यक्ष होंगे और प्रोफेसर पी घोष सदस्य तथा पंकज जैन सदस्य सचिव बनाए गए हैं। आयोग अपनी सिफारिशें अठारह महीनों के भीतर सरकार को सौंपेगा।

श्री वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने रबी सीजन 2025–26 के लिए फॉस्फेटिक और पोटाशिक उर्वरकों पर लगभग 37 हजार नौ सौ 52 करोड़ रुपये की पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरों को भी स्वीकृति दे दी है ये दरें पहली अक्तूबर से लागू होंगी।

****************

चाईबासा में थैलेसीमिया पीड़ित मरीजों को एचआईवी संक्रमित रक्त चढाए जाने के मामले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष सचिव नेहा अरोड़ा के नेतृत्व में गठित छह सदस्यीय उच्चस्तरीय जांच समिति ने आज सदर अस्पताल के ब्लड बैंक का निरीक्षण किया। श्रीमती अरोड़ा ने कहा कि इस तरह की घटना की पुनरावृति नहीं हो, इस बाबत राज्य के सभी ब्लड बैंकों का एसओपी तैयार करने के लिए कमिटी का गठन किया गया है।

वहीं, अब ब्लड बैंकों में रक्त की जांच के लिए नेट पीसीआर तथा एलाइजा जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

****************

झारखंड भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा है कि चाईबासा के तांबो चौंक पर नो एंट्री की मांग को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे ग्रामीणों पर पुलिस कार्रवाई को लेकर कल सबेरे छह बजे से शाम छब बजे तक पूरा कोल्हान बंद रहेगा। इस बंद से आपातकालीन सेवाओं को मुक्त रखा गया है। उन्होंने आज रांची में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस घटना ने अबुआ सरकार का असली चेहरा सामने ला दिया है।

****************

स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा है कि किसी भी अस्पताल या दवा दुकान में नकली तथा एक्सपायरी दवाइयां पायी जाएगी तो उनके खिलाफ़ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। श्री अंसारी ने कहा कि रांची और आसपास के इलाकों में नकली और एक्स्पायरी दवाईयों फेंके जाने के मामले की जांच तथा इसमें शामिल लोगों की शिनाख्त करने का निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिया है।

****************

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के साथ शुरू किए गए बचत उत्सव से देशभर के नागरिकों को लाभ पहुंच रहा है। आज हम जानकारी दे रहे हैं कि कैसे अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार पंजाब की अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहे हैं।

****************

एम्स, देवघर में कैंसर के मरीजो को इलाज की अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****************

हजारीबाग जिला के कटकमसांडी प्रखंड के झरदाग गांव में आज एक ही परिवार के चार मासूम बच्चियों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। सांसद मनीष जयसवाल ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिया है, वहीं विधायक प्रदीप प्रसाद घटना स्थल पर पहुंचे और कहा कि यह अत्यंत पीड़ादायक घटना है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार के साथ पूरी तरह खड़े हैं।

****************

बंगाल की खाड़ी  में बने चक्रवातीय तूफान **मोन्था**  का  झारखंड के कई हिस्सों में असर दिखना शुरू हो गया है। मौसम वैज्ञानक अभिषेक आनंद ने बताया कि अगले तीन दिनों तक इस चक्रवात की वजह से कोल्हान,संताल और पलामू  प्रमंडल  समेत  राज्य  के कई  हिस्सों भारी बारिश होने की संभावना है।

****************

जयपुर में तीस अक्टूबर से दो  नवंबर तक आयोजित  होने वाली तृतीय जूनियर और सब जूनियर सुपर स्पीड खो–खो प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड बालक औऱ बालिका टीम आज हटिया स्टेशन से रवाना हुई। इन खिलाड़ियों का चयन रांची में आय़ोजित पन्द्रह् दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।

********समाप्त********